हरिभूमि
# हिसार-हांसी भूमि
रोहतक, मंगलवार 3 मार्च 2026

12 आसरा सोसायटी ने भाग्यश्री महिला आश्रम में…



12 सेक्टर 14 में सीवरेज समस्या पर उपायुक्त…



# विदेश से बहन की शादी में आने का सपना टूटा, वर्क परमिट वीजा पर साइप्रस गए ललित ने लगाई वतन वापसी की गुहार, भारत का टूरिस्ट गाइड भी दुबई में फंसा

हरिभूमि न्यूज ⏭नारनौंद

आगामी 12 मार्च को बहन की शादी धूमधाम से करने के लिए वर्क परमिट पर गांव बास का एक युवक साइप्रस देश में गया था। युद्ध के कारण सभी अंतरराष्ट्रीय फ्लाइट कैंसिल हो गई और वह बहन की शादी में लिए सरकार से गुहार लगा रहा है। गांव बास का ललित मोर दो साल पहले वर्क परमिट वीजा पर साइप्रस में गया था। बहन की शादी में आना था। देश में आने के लिए उसने 28 फरवरी को टिकट करवा ली थी और फ्लाइट के लिए एयरपोर्ट पर भी पहुंच चुका था लेकिन अचानक से जैसे ही युद्ध शुरू हुआ तो सभी अंतरराष्ट्रीय फ्लाइट कैंसिल कर दी गई जिसमें ललित की फ्लाइट भी अनिश्चितकालीन के लिए कैंसिल हो चुकी है वह हर रोज एंबेसी में जाकर पता करता है लेकिन कोई जवाब नहीं मिलता।

**खास बातें**

- युद्ध के कारण सभी अंतरराष्ट्रीय फ्लाइट कैंसिल हो गई और वह बहन की शादी में लिए सरकार से गुहार लगा रहा है
- 28 फरवरी को टिकट करवा ली थी

## कंपनी ने एक टूरिस्ट दल के साथ उसको 28 फरवरी की सुबह फिर दुबई के लिए भेजा

### टूरिस्ट गाइड प्रदीप ढांडा भी फंसा

जिले के गांव बुडाना निवासी प्रदीप ढांडा टूरिस्ट गाइड है और वह 27 फरवरी को थाइलैंड से भारत में पहुंचा था। कंपनी ने एक टूरिस्ट दल के साथ उसको 28 फरवरी की सुबह फिर दुबई के लिए भेज दिया गया। उसकी चार मार्च को वापसी थी। वहां जाते ही युद्ध शुरू हो गया और जिस जगह को ठहरे हुए थे उसे कुछ ही दूरी पर धमाकों की आवाज ने उनको डरा दिया। सभी सहमे हुए हैं और देश में आने के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं लेकिन फ्लाइट कैंसिल होने के कारण वो वही पर फंस हुए हैं। परिवार को भी गहरी चिंता सता रही है।



**नारनौंद।** साइप्रस देश के एयरपोर्ट पर ललित मोर अपने दोस्त के साथ।

### पत्नी से बोला, वह सुरक्षित नहीं

*सोमवार को प्रदीप की पत्नी रितु ने उससे बातचीत की तो बताया कि वह फिलहाल सुरक्षित है लेकिन कोई भी अनहोनी कभी भी घट सकती है। दिन रात धमाकों की आवाज सुनकर डर सा लगता हैं। पत्नी ने उनको हिम्मत देते हुए कहा कि घबराने की कोई बात नहीं जल्द ही आपकी वतन में वापसी हो जाएगी।*

### नवीन जय हिंद से गुहार

*टूरिस्ट गाइड प्रदीप ढांडा ने एक वीडियो जारी भी की जिसमें उसने नवीन जय हिंद से गुहार लगाते हुए कहा कि उसकी जल्द से जल्द वतन में वापसी करवाई जाए वहां पर धमाकों की आवाज में उनको डरा दिया है।*

## खबर संक्षेप

### फरार चल रहा उद्घोषित आरोपी गिरफ्तार

**हिसार।** पुलिस के पीओ स्टाफ ने विशेष अभियान के तहत एक उद्घोषित आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान शहर की ठंडी सड़क निवासी अमन के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार उक्त आरोपी 18 अक्टूबर 2025 को जमानत पर जेल से बाहर आया था। इसके बाद वह अदालत में पेश नहीं हुआ तथा फरार हो गया।

### फ्लेमिंगो कॉम्प्लेक्स में मनाया होली उत्सव

**हिसार।** हरियाणा टूरिज्म द्वारा 28 फरवरी से 4 मार्च तक आयोजित किए जा रहे प्रदेशव्यापी होली रंगोत्सव की श्रृंखला में फ्लेमिंगो टूरिस्ट कॉम्प्लेक्स में होली उत्सव की धूम रही। होली उत्सव कार्यक्रम की शुरुआत तिलक लगाकर की गई, वहीं प्रतिभागियों ने एक-दूसरे को रंग-गुलाल और फूलों की पंखुड़ियों से सराबोर कर आपसी भाईचारे का संदेश दिया। मस्ती, दोस्ती और उमंग के इस माहौल में पूरा परिसर होली के गीतों से गुंजायमान रहा।

### तीन दिवसीय प्रदर्शनी मेले 6 को अग्रसेन भवन में

**हिसार।** भारत सरकार के एमएसएमई मंत्रालय, एमएसएमई-विकास कार्यालय भिवानी की ओर से प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के लाभार्थियों के लिए हिसार में 6 मार्च से 8 मार्च तक अग्रसेन भवन हिसार में तीन दिवसीय प्रदर्शनी मेले का आयोजन किया जाएगा। एमएसएमई की सहायक निदेशक प्रभारी रचना त्रिपाठी ने बताया कि प्रदर्शनी का मुख्य उद्देश्य पारंपरिक कारीगरों एवं शिल्पकारों को एक सशक्त मंच प्रदान करना है।

### महिला जागरूकता कार्यशाला 6 को

**हिसार।** हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में 6 मार्च को दोपहर 2 बजे एडीआर सेंटर हिसार के कॉन्फ्रेंस हॉल में महिला अधिकारों विषय पर जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट-सह-सचिव अशोक कुमार ने बताया कि कार्यशाला का उद्देश्य महिलाओं को उनके कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक करना है।

### प्रतियोगिता में नेहरू हाउस ने मारी बाजी

**उकलाना।** आरडीएम स्कूल में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के उपलक्ष्य में अंतरसदनीय विज्ञान प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए स्कूल की प्रवक्ता डॉ. शालू एस. कटारिया ने बताया कि प्रतियोगिता में सभी सदनों के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया।

### प्राथमिक पाठशाला लुदास का कायाकल्प

**हिसार।** भारतीय स्टेट बैंक क्षेत्रीय व्यावसायिक कार्यालय ने सामाजिक सरोकारों की दिशा में सराहनीय कदम उठाते हुए लुदास स्थित राजकीय प्राथमिक स्कूल को अपग्रेड किया है। बैंक द्वारा कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) के तहत स्कूल भवन की मरम्मत (रिनोवेशन) करवाने के साथ-साथ बच्चों की शिक्षा के लिए आवश्यक मूलभूत सामग्री भी भेंट की गई।


### मेरा युवा भारत ने आमंत्रित किए आवेदन

**हिसार।** मेरा युवा भारत हिसार की ओर से वर्ष 2025-26 के लिए स्पोर्ट्स किट वितरण कार्यक्रम के अंतर्गत आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इस पहल का उद्देश्य जिले के सक्रिय युवा क्लबों और खेल गतिविधियों से जुड़े युवाओं को प्रोत्साहन देना है। आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 5 मार्च 2026 निर्धारित की गई है।

## बजट 2026-27 में मुख्यमंत्री ने हिसारवासियों की भरी झोली

# जनता के लिए होली पर हुई सौगातों की बारिश

**हिसार में 50 करोड़ की लागत से प्रदेश की पहली मछली मंडी बनाने की घोषणा**



हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

होली के दिन आए बजट 2026-27 में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने हिसार में घोषणाओं की बारिश कर दी है। सीएम ने हिसार में प्रदेश की पहली मछली मंडी, हरियाणा पशु चिकित्सा महामारी विज्ञान केंद्र, बहु उददेशीय पशुपालन प्रशिक्षण केंद्र, फूड टेस्टिंग लैब, नए जलघर का निर्माण, बरवाला में महिला थाना समेत डेढ़ दर्जन से अधिक घोषणाएं करके लोगों का दिल जीत लिया। सीएम द्वारा बजट में की गई घोषणाएं भविष्य में हिसार में विकास के नए आयाम स्थापित करेंगी। सीएम नायब सैनी ने हिसार में 50 करोड़ की लागत से प्रदेश की पहली मछली मंडी बनाने की घोषणा की है।

मंडी के बनने से रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। हिसार में 30 करोड़ रुपये की लागत से हरियाणा पशु चिकित्सा महामारी विज्ञान केंद्र की स्थापना का निर्णय पशुपालकों के लिए महत्वपूर्ण है। बजट में हिसार समेत प्रदेश के कई जिला मंडियों में जैविक किसानों को उपज बेचने के लिए विशेष स्थान दिए जाने ऐलान किया गया। इससे जैविक खेती करने वाले किसानों को प्रोत्साहन मिलेगा। हिसार में बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए करोड़ों रुपये का विशेष फंड बनाने का भी ऐलान बजट में किया गया।

### बजट में हिसार के लिए नई घोषणाएं

- ⏭प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत हिसार में 50 करोड़ की लागत मछली मंडी की स्थापना।
- ⏭पुराने औद्योगिक क्षेत्र को विकसित करने के लिए 50 करोड़ रुपये विकास कार्यों पर खर्च होंगे।
- ⏭हिसार 30 करोड़ की लागत से हरियाणा पशु चिकित्सा महामारी विज्ञान केंद्र स्थापित किया जाएगा।
- ⏭हिसार में 10 करोड़ की लागत से नए युवा छात्रावास का निर्माण कराया जाएगा।
- ⏭वन हेल्थ प्रोग्राम के तहत हिसार में 5 करोड़ की लागत से बहु उद्देशीय पशुपालन प्रशिक्षण केंद्र।
- ⏭एनएच 52 पर मुकलान, सरसौद, चौधरीवास, बाइपास का निर्माण।
- ⏭हिसार में आईसीसी इंटीग्रेटिड कमांड सेंटर स्थापित किया जाएगा।
- ⏭हिसार में 5 मेगावाट क्षमता का वेस्ट टू एनर्जी प्लांट स्थापित किया जाएगा।
- ⏭बरवाला में 50 बेड का नया अस्पताल भवन निर्माण।
- ⏭हिसार में खाद्य गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए फूड टेस्टिंग लैब स्थापित की जाएगा।
- ⏭हिसार जिला अस्पताल में हृदय रोगियों की जांच के लिए कैथ लैब बनाई जाएगी।
- ⏭हिसार में पराली से बिजली तैयार करने वाली यूनिट लगेंगी।
- ⏭हिसार सहित पांच जिलों में 44 टैंकों को ईंट की बजाय आरसीसी बनाया जाएगा।
- ⏭खेल सुविधाओं को बढ़ाने के लिए सेंथेटिक ट्रैक का निर्माण कराया जाएगा
- ⏭बरवाला में महिला थाने का निर्माण।

### नवगठित हांसी बनेगा आधुनिक मॉडल जिला

- हांसी जिला तेजी से करेगा उन्नति, नागरिकों को मिलेगी और बेहतर सुविधाएं : विधायक
- समग्र विकास को लेकर सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई



विनोद भयाना, विधायक, हांसी।

**हांसी।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने नवगठित हांसी जिला को सरकार द्वारा एक आधुनिक मॉडल जिला के रूप में विकसित किए जाने की घोषणा की है। सीएम यह घोषणा सोमवार को विधानसभा में वित्त मंत्री के तौर पर बजट प्रस्तुत करते की। सीएम ने अपने संबोधन में हांसी जिले के समग्र विकास को लेकर सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने विधानसभा के माध्यम से आश्वस्त किया कि राज्य सरकार नवगठित हांसी जिले के विकास में किसी प्रकार की कमी नहीं छोड़ेगी और इसे जल्द ही हरियाणा के अग्रणी एवं आदर्श जिलों में शामिल किया जाएगा।

इस पर विधायक विनोद भयाना ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का हांसी को आधुनिक मॉडल जिला बनाने की घोषणा के लिए जिलावासियों की ओर से धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री का यह दूरदर्शी और जनहितकारी निर्णय हांसी जिले के समग्र विकास में मील का पत्थर साबित होगा। विधायक ने विश्वास जताया कि शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, पेयजल, बिजली, सिंचाई और रोजगार के क्षेत्रों में तेज गति से विकास कार्य होंगे, जिससे क्षेत्र के नागरिकों को और बेहतर सुविधाएं मिलेंगी और हांसी शीघ्र ही हरियाणा के अग्रणी एवं आदर्श जिलों में अपनी मजबूत पहचान स्थापित करेगा।

## आरोपी से 80 हजार रुपये किए बरामद

# अधिक मुनाफे का लालच देकर 1.85 लाख की ठगी

- आरोपी गिरफ्तार, आरोपी के पास 80 हजार रुपये बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭हांसी

साइबर अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाते हुए साइबर थाना पुलिस ने अधिक मुनाफा कमाने का लालच देकर 1.85 लाख रुपये की धोखाधड़ी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी से 80 हजार रुपए की राशि बरामद की है। एसआई अनिल कुमार ने बताया कि हांसी निवासी संदीप ने साइबर थाना में शिकायत दी थी कि वह थोक दवाइयों का व्यवसाय करता है और फेसबुक पर एक अज्ञात व्यक्ति द्वारा मुझे फ्रेंड रिक्वेस्ट भेजी गई। बातचीत के दौरान उक्त व्यक्ति ने व्हाट्सएप के माध्यम से संपर्क कर निवेश (इन्वेस्टमेंट) के नाम पर अधिक मुनाफे कमाने का लालच दिया। और उसके बाद आरोपियों द्वारा सुनियोजित तरीके से विश्वास में लेकर अधिक मुनाफा कमाने का लालच देकर 1.85 लाख की ठगी कर ली।

### मुकदमा दर्ज

इस संबंध में साइबर थाना पुलिस ने धोखाधड़ी की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच के दौरान तकनीकी साक्ष्यों एवं गोपनीय सूचना के आधार पर बिहार निवासी अवनीश कुमार को गिरफ्तार कर पूछताछ के आरोपी से 80,000 की राशि बरामद की गई है। उन्होंने बताया कि मामले की अभी जांच जारी है तथा इस मामले में संलिप्त अन्य संलिप्त आरोपियों की तलाश की जा रही है।

## सड़क हादसे में दो घायल, केस दर्ज

**नारनौंद।** क्षेत्र में हुए एक सड़क हादसे में दो लोग घायल हो गए। लोहारी राघो निवासी 45 वर्षीय फुलकुमार और उनके गांव के ही अमरजीत को गंभीर चोटें आई हैं। उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद हांसी के नागरिक अस्पताल से अग्रोहा मेडिकल कॉलेज और हिसार रेफर किया गया है। पुलिस को दिए बयान में फुलकुमार ने बताया कि वह गांव बास में मजदूरी करने गए थे। शाम करीब 6:30 बजे वह अमरजीत और दिनेश के साथ दिनेश की बाइक पर अपने गांव लौट रहे थे। जब वे गांव पेटवाड़ के पास पहुंचे, तो सामने से आ रही एक तेज रफ्तार बाइक सवार ने लापरवाही से चलाते हुए उनकी बाइक में सीधी टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि तीनों सड़क पर गिर गए। हादसे के बाद दूसरी बाइक का चालक मौके से फरार हो गया। इस हादसे में फुलकुमार व अमरजीत को गंभीर चोटें लगी हैं।

# हिंदू सम्मेलन में एकजुटता का संदेश

- हनुमान मंदिर में हिंदू समरसता सम्मेलन का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭नारनौंद

कस्बे के हनुमान मंदिर में हिंदू समरसता सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता सतीश समैण ने शिरकत की। इस मौके पर बीके रेखा ने सामाजिक समरसता के महत्व पर बल देते हुए कहा कि सभी में एक रक्त बहता है व भगवान के घर से सब इंसान के रूप में ही पृथ्वी पर आते हैं इसलिए जाति पंथ के नाम पर किसी भी प्रकार का भेदभाव नहीं होना चाहिए।



**नारनौंद।** कार्यक्रम में मुख्य अतिथि को सम्मानित करते हुए कमेटी के सदस्य।

मुख्य वक्ता सतीश समैण ने कहा कि व्यक्तिगत व राष्ट्रीय उन्नति के लिए परिवारों का संस्कारवान होना बहुत आवश्यक है। उन्होंने उपस्थित मातृशक्ति को विशेष आह्वान किया कि परिवार को संस्कारवान बनाने में आपका योगदान महत्वपूर्ण है। इस मौके पर पंच परिवर्तन के पांचों विषयों को आत्मसात करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का मंच संचालन मास्टर जयभगवान ने किया। इस अवसर पर मंदिर समिति के प्रधान पप्पी मोठिया, सज्जन जांगड़ा, रामवतार आदि मौजूद रहे।

### गुरु जंभेश्वर विवि का बी टेक छात्र लापता

**हिसार।** गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय में पढ़ने वाला 19 वर्षीय बीटेक छात्र विकास गोदारा के लापता होने के मामले में पुलिस ने केस दर्ज किया है। विकास आदमपुर का रहने वाला है। वह शनिवार शाम से घर नहीं लौटा और उसका मोबाइल फोन भी बंद आ रहा है। परिजन अपने स्तर पर तलाश करते रहे, लेकिन कोई सुराग नहीं मिलने पर पुलिस को शिकायत दी है। मंडी आदमपुर निवासी आत्माराम गोदारा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनका बेटा विकास गोदारा जीजेयू में बीटेक द्वितीय वर्ष का छात्र है। गत 28 फरवरी की शाम करीब 7 बजे के बाद से उसका मोबाइल फोन बंद आ रहा है।

# पुलिस ने आपरेशन आक्रमण चलाया

- 17 आरोपियों की गिरफ्तारी से अपराधियों में मचा हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ⏭हांसी

जिला भर में अपराध पर प्रभावी अंकुश लगाने व कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करने को लेकर सोमवार को विशेष अभियान ऑपरेशन आक्रमण चलाया गया। इस अभियान के अंतर्गत सभी थाना एवं विशेष इकाइयों ने समन्वित रूप से कार्रवाई करते हुए असामाजिक तत्वों के विरुद्ध सख्त कदम उठाए। अभियान का मुख्य उद्देश्य जिले में कानून व्यवस्था को और अधिक मजबूत करना, नशा तस्करी, अवैध शराब, सट्टा गतिविधियों तथा फरार अपराधियों पर शिकंजा कसना था। अभियान के दौरान 15 एफआईआर दर्ज कर विभिन्न मामलों में संलिप्त 17 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। नशा मुक्त समाज के संकल्प को साकार करने के लिए अवैध शराब कारोबारियों पर विशेष ध्यान केंद्रित किया गया। और 104 बोतल ठेका देशी शराब व 45 लीटर लाहन (कच्ची शराब ) बरामद की गई। वहीं अवैध सट्टा गतिविधियों पर नकेल कसते हुए पुलिस ने 8,890 नकद राशि बरामद कर संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध कानूनी प्रावधानों के तहत मामला दर्ज कर गिरफ्तार किया गया।



**हांसी।** आपरेशन आक्रमण के तहत सर्च अभियान के दौरान तलाशी लेते पुलिस अधिकारी। *फोटो : हरिभूमि*

## जिला भर में हुड़दंग रोकने के लिए पुलिस ने किए कड़े प्रबंध, चप्पे-चप्पे पर होगी चेकिंग

# होली पर हुडदंग करने वालों से सख्ती निपटेंगे, शांति भंग नहीं होने दी जाएगी

**प्रबंधों के चलते अलग-अलग स्थानों पर 28 जगह नाकाबंदी**

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

जिला पुलिस ने होली के पश्चात फाग के दिन किसी तरह की हुड़दंगबाजी रोकने के कड़े प्रबंध किए हैं। जिले में होली व फाग के त्योहार को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न करवाने के लिए सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए गए हैं। प्रबंधों के चलते अलग-अलग स्थानों पर 28 जगह नाकाबंदी कर चैकिंग की जाएगी। साथ ही सभी थाना और चौकी प्रभारियों को होली के त्योहार पर सुरक्षा के मद्देनजर शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए निगरानी व सतर्कता के साथ प्रभावी गश्त के निर्देश दिए है। पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन ने जिला पुलिस को त्योहार पर हुड़दंग मचाने वालों से सख्ती से निपटने के निर्देश दिए हैं। पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार हिसार शहर थाना क्षेत्र में राजगुरु मार्किट टी प्वाइंट, सेक्टर 14 टी प्वाइंट, तलाकी गेट, पड़ाव चौक पर नाकाबंदी रहेगी। इसी तरह थाना एचटीएम क्षेत्र में कैंची चौक मिर्जापुर रोड, लाहौरिया चौक, भगत सिंह चौक, रेलवे रोड, शिव कॉलोनी, पुरानी सब्जी मंडी चौक व सब्जी मंडी के सामने, थाना अर्बन एस्टेट क्षेत्र में जिंदल चौक, निरंकारी भवन रोड, डाबड़ा चौक, मलिक चौक, राजगढ़ रोड, सीआईडी चौक व फव्वारा चौक पर, थाना सदर क्षेत्र में कैंट के सामने व बालसमंद चौक पर, थाना आज़ाद नगर क्षेत्र में बस स्टेंड आज़ाद नगर, मंगाली चौकी के सामने, थाना बरवाला क्षेत्र में हांसी चौक पर रहेगी कड़ चौकसी।

### विशेष महिला पुलिस बल की तैनाती



एसपी सावन ने कहा कि होली के अवसर पर हुडदंग करने वालों पर पुलिस की नजर रहेगी। होली के शुभ अवसर पर किसी प्रकार का हुडदंग या शांति व्यवस्था भंग न हो, इसके लिए शरारती तत्वों पर कार्रवाई की जाएगी। सभी थाना और चौकी प्रभारियों को त्योहार के अवसर पर कानून और शांति व्यवस्था बिगाड़ने वाले को चिन्हित कर उनके खिलाफ कार्रवाई करने के जिम्मेवार होंगे। उन्होंने कहा कि होली के अवसर पर महिलाओं की सुरक्षा के लिए विशेष महिला पुलिस बल की तैनाती की गई है। इसी तरह ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाने के लिए ट्रैफिक थाना प्रभारी को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं।

### रिजर्व पुलिस बल भी रखा

एसपी के निर्देशानुसार एक कंपनी का पुलिस बल मय महिला पुलिस बल सहित दंगारोधक उपकरणों सहित पुलिस लाइन में स्टेंड टू हालत में तैनात रखा गया है। इसके अलावा आधा आधा प्लाटून का पुलिस बल व आधा आधा सेक्शन का महिला पुलिस बल थाना शहर, थाना एचटीएम व थाना सिविल लाइन में हाजिर रहेगा।

# नकदी छीनकर भागने का आरोपी दोषी करार, एक बरी

- अदालत 6 मार्च को सुनाएगी दोषी को सजा

**हिसार।** अदालत ने पैसे छीनने के मामले में सूर्यनगर निवासी गौरव को दोषी करार दिया है। उस पर झपट्टा मारकर 7900 रुपये छीनने का आरोप है। उसे 6 मार्च को सजा सुनाई जाएगी वहीं मामले में दूसरे आरोपी देबू को अदालत ने सबूतों के अभाव में बरी कर दिया। इस संबंध में बरवाला क्षेत्र के गांव मतलोडा निवासी अजमेर सिंह ने शहर थाना में केस दर्ज करवाया था। अजमेर सिंह के अनुसार वह हिसार के आजाद नगर में दिल्ली अस्पताल के सामने नेहरा स्टेरिंग की दुकान पर काम करता है। घटना के दिन 24 मार्च, 2024 को दोपहर करीब एक बजे वह दुकान से अपने घर जाने के लिए आजाद नगर से फव्वारा चौक तक एक राहगीर की बाइक पर आया था। इसके बाद वह पैदल बस अड्डा जा रहा था। इसी दौरान दो लड़के आए और एक लड़के ने अजमेर सिंह की जेब पर झपट्टा मारकर 7900 रुपये छीन लिए। छीना-झपटी में रुपये नीचे गिर गए, जिन्हें दूसरे लड़के ने उठा लिया और दोनों भागने लगे। अजमेर सिंह के शोर मचाने पर राहगीरों ने रुपए उठाने वाले लड़के को पकड़ लिया, जबकि दूसरा लड़का मौके से फरार हो गया। पकड़े गए लड़के ने अपना नाम सूर्य नगर निवासी गौरव बताया और फरार हुए लड़के का नाम महाबीर कॉलोनी निवासी देबू बताया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने गौरव और देबू के खिलाफ केस दर्ज किया था। इसी मामले में अदालत ने सोमवार को गौरव को कोर्ट ने दोषी करार दिया है जबकि आरोपी देबू को सबूतों के अभाव में बरी कर दिया गया।

छत्तीसगढ़, दिल्ली, हरियाणा और मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
haribhoomi.com

होली-अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस
विशेष

रोहतक, मंगलवार
3 मार्च 2026

हरिभूमि सहेली







भारतीय जन-जीवन में फागुन का आगमन केवल ऋतु-परिवर्तन नहीं, बल्कि सांस्कृतिक और सामाजिक चेतना का सक्रिय समय होता है। इस चेतना को अपने अस्तित्व में संजोती, उसमें लोक व्यवहार और परंपराओं को पोसती स्त्री की सहभागिता, फागुन में नव-उमंग को संचारित करती है। इससे घर-परिवार और समाज में जीवंतता का इंद्रधनुषी रंग घुल-मिल जाता है।

# फागुन की थाप में स्त्री की भूमिका

आवरण कथा

**कल्पना मनोरमा, साहित्यकार**

फागुन वह महीना है, जब प्रकृति में दिखाई देने वाले परिवर्तन, पेड़ों पर बौर, टेसू के फूलों की केसरिया आभा, हवा की गंध, मनुष्य की स्मृतियों और संबंधों को अलग तरह से प्रभावित करते हैं। ऋतु का यह बदलाव बाहरी दृश्य से अधिक आंतरिक अनुभव का विषय बन जाता है। विशेषतः स्त्री के जीवन में फागुन एक साथ स्मृति, अनुभव, सजगता और सहभागिता का समय लेकर आता है। उल्लास की डोर हौले से पकड़ा देता है।

## स्पष्ट संकेतों के साथ फागुन का आगमन

प्रकृति के स्तर पर फागुन का आगमन स्पष्ट संकेतों के साथ होता है। हवा में महुए की गंध घुलने लगती है, टेसू के फूल, गेहूं, चने की पकी फसलें, खेतों और बागों को रंग देते हैं, धूप में हल्का सुनहरापन घुल जाता है। यह परिवर्तन केवल दृश्य नहीं, संवेदनात्मक भी होता है। गंध, रंग और ध्वनि मिलकर ऐसा वातावरण निर्मित करते हैं, जिसमें अतीत और वर्तमान का अंतर कम होने लगता है। ढोलक की थाप, फगुआ के गीत और गली-मोहल्लों की चहल-पहल सामूहिकता का आह्वान करती है। यह वह समय है, जब व्यक्ति अपने निजी जीवन से बाहर निकलकर समुदाय का हिस्सा बनता है। एक अपने से दृष्टि हटाकर कुनबे की तरफ देखता है।



## सामाजिक भेद से दूर होली का उल्लास

होली के दिन सामाजिक भेद कुछ समय के लिए हल्के पड़ जाते हैं। यह भेद मिटाना केवल खेल के लिए नहीं, प्रतीकात्मक क्रिया होती है। यह बताने के लिए कि सामाजिक ऊंच-नीच, औपचारिकता और दूरी का स्थान उत्सव में सीमित है। बड़े-छोटे, स्त्री-पुरुष, सभी एक साथ रंग में भीगते और गले मिलते हैं। ढोलक की थाप और फगुआ के गीत सामूहिक स्मृति को जीवित रखते हैं। लोकगीतों में पीढ़ियों का अनुभव, हास्य, व्यंग्य और जीवन-दृष्टि संचित रहती है। पारंपरिक समाज में वे प्रारंभ में चौखट के भीतर से देखती थीं, पर धीरे-धीरे सहभागिता का दायरा बढ़ता गया।

## उम्र के हिसाब से बदल जाता है फागुन का अर्थ

जीवन-चक्र के विभिन्न चरणों में फागुन का अर्थ बदलता है। बचपन में यह केवल खेल और आनंद का समय होता है- पिचकारी, रंग और खुली हंसी। किशोरावस्था में रंगों का अनुभव अधिक संवेदनशील हो उठता है, सामाजिक और शारीरिक चेतना जागृत होती है। विवाह के बाद नए परिवेश में स्त्री को संबंधों की मर्यादाएं समझनी होती हैं, किसके साथ कितनी सहजता उचित है, कहां संयम आवश्यक है। इस प्रक्रिया में वह अपने लिए संतुलित स्थान तय करती है। धीरे-धीरे वह समझती है कि उत्सव में भागीदारी का अर्थ भीड़ में विलीन हो जाना नहीं, बल्कि अपनी गरिमा बनाए रखते हुए शामिल होना है।



## रंगों का प्रतीकात्मक अर्थ आज भी है प्रासंगिक

समकालीन संदर्भ में भी फागुन का महत्व बना हुआ है, यद्यपि स्वरूप में परिवर्तन आया है। शहरी जीवन में सामूहिकता का रूप सीमित हो सकता है, पर रंगों का प्रतीकात्मक अर्थ अब भी प्रासंगिक है। सम्मान, सहमति और सहभागिता के नए मानक स्थापित हो रहे हैं। इस परिवर्तन में स्त्री की भूमिका अधिक स्पष्ट और मुखर हुई है। वह उत्सव की सहभागी ही नहीं, उसकी दिशा निर्धारित करने वाली भी है। अंततः फागुन एक ऐसा सांस्कृतिक क्षण है, जिसमें प्रकृति, समाज और व्यक्ति का अनुभव एक-दूसरे से जुड़ता है। यह स्मृति को सक्रिय करता है, संबंधों की परीक्षा लेता है और सामूहिकता की भावना को पुनर्स्थापित करता है। स्त्री के संदर्भ में फागुन का महीना विशेष रूप से महत्वपूर्ण है, क्योंकि वह इसमें श्रम, संवेदना, सावधानी और उल्लास, सभी को संतुलित करती है।

## केवल रंगों का पर्व नहीं फागुन

यदि उत्सव में आनंद और मर्यादा साथ चलें, तो फागुन केवल रंगों का पर्व नहीं, सामाजिक परिपक्वता का प्रतीक भी बन जाता है। इसी सांस्कृतिक संदर्भ में उत्तर प्रदेश के बरसाना की होली विशेष उल्लेखनीय है। यहां लट्ठमार होली की परंपरा केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि प्रतीकात्मक सामाजिक संवाद है। स्त्रियां लाठियां लेकर पुरुषों पर प्रहार करती हैं और पुरुष ढाल लेकर उसे खेल भाव से स्वीकारते हैं। यह आयोजन लोकविश्वास से जुड़ा है, जिसमें राधा-कृष्ण की लीलाओं का स्मरण निहित है। यहां स्त्री केवल दर्शक नहीं, सक्रिय केंद्र में होती है। उसकी उपस्थिति उत्सव की धुरी बनती है और प्रतिरोध भी विनोद के भीतर रूपायित होता है। श्रीकृष्ण के रंग-अनुराग का प्रसंग होली के पर्व को आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विस्तार देता है। श्रीकृष्ण द्वारा गोपियों पर रंग डालने की कथा केवल राग-रंग का प्रसंग नहीं, बल्कि प्रेम की स्वीकृति और संवाद का प्रतीक है। राधा-कृष्ण की परंपरा में रंग एकतरफा नहीं, प्रत्युत्तर में लौटता है, यह समानता और सहभागिता का सांकेतिक रूप है। इस प्रकार फागुन का सांस्कृतिक अर्थ व्यक्तिगत स्मृतियों से लेकर लोक-परंपराओं और दार्शनिक प्रतीकों तक विस्तृत है। स्त्री की स्मृति, उसकी सजगता और उसकी सक्रिय भागीदारी इस पर्व को पूर्णता देती है।

# स्त्री-शक्ति के सात रंग

महिलाओं को सशक्त बनने के लिए अपने जीवन में सशक्तिकरण के प्रतीक ये सात रंग भरने जरूरी हैं। ये रंग कौन से हैं, इनके बारे में आपको जरूर जानना चाहिए।

आह्वान

**शिखर चंद जैन**

महिलाओं को सशक्त बनाना किसी भी समाज-राष्ट्र की प्रगति के लिए सबसे प्रभावशाली कदम है। इसके लिए हर महिला को अपने जीवन में इन सात रंगों को सजाना होगा।



## पहचान का रंग

सशक्तिकरण की पहली सीढ़ी स्वयं को पहचानना है। एक स्त्री को समाज द्वारा तय की गई भूमिकाओं से इतर अपनी एक स्वतंत्र पहचान बनानी चाहिए। पुस्तक, 'आई नो व्हाई द केज्ड बर्ड सिंग्स' की लेखिका माया एंजेलो कहती हैं, 'हमारी पहचान हमारे अतीत से नहीं, बल्कि हमारे चयन से बनती है।'

## आर्थिक आत्मनिर्भरता का रंग

आज के दौर में 'फाइनेंशियल फ्रीडम' नारी शक्ति का मुख्य स्तंभ माना गया है। आर्थिक रूप से स्वतंत्र महिला न केवल अपने परिवार की रीढ़ बनती है, बल्कि देश की जीडीपी में भी योगदान देती है। आर्थिक स्वावलंबन, उद्यमिता और वित्तीय मजबूती ही असली सशक्तिकरण है।



## साहस का रंग

इतिहास से लेकर वर्तमान तक, महिलाओं का संघर्ष ही उनके साहस का वास्तविक परिचायक रहा है। चाहे वह झांसी की रानी की ऐतिहासिक वीरता हो या आज की महिला सैनिकों, वैज्ञानिकों और एथलीटों का संघर्ष। साहस, नारी का वह रंग है, जो उसे विपरीत परिस्थितियों में भी टूटने नहीं देता। मुसीबतों के सामने डटे रहना ही नारी शक्ति का सबसे गहरा रंग है।

## शिक्षा का रंग

शिक्षा केवल साक्षरता नहीं, बल्कि सोचने का नजरिया देता है। उच्च शिक्षा और तकनीक का ज्ञान महिलाओं को रूढ़िवादिता की बेड़ियों से मुक्त कर उन्हें वैश्विक मंच पर प्रतिस्पर्धा के योग्य बनाता है। यह रंग अज्ञानता के अंधेरे को दूर कर तार्किक सोच विकसित करता है।

## नेतृत्व क्षमता का रंग

आज के दौर में महिलाएं केवल आदेशों का पालन नहीं करतीं, बल्कि वे नेतृत्व भी करती हैं। कॉर्पोरेट बोर्डरूम से लेकर पंचायतों और संसद तक, महिलाओं की भागीदारी ने यह सिद्ध किया है कि उनमें निर्णय लेने की अद्भुत क्षमता होती है। हर क्षेत्र में महिलाओं ने अपनी नेतृत्व क्षमता साबित करके दिखाया है कि महिलाएं केवल घर ही नहीं, बल्कि दुनिया चलाने की क्षमता रखती हैं।

## संवेदनशीलता का रंग

अकसर ही संवेदनशीलता को कमजोरी समझा जाता है, लेकिन नारी शक्ति का एक रंग उसकी संवेदनशीलता और भावनाओं में भी छिपा है। एक सशक्त महिला अपने आसपास के परिवेश को अधिक समावेशी और शांतिपूर्ण बनाने का सामर्थ्य रखती है।

## सामाजिक न्याय का रंग

नारीवाद का आधुनिक रंग केवल अपने हक तक सीमित नहीं है, बल्कि यह पूरे समाज में न्याय की स्थापना का रंग है। यह रंग एक न्यायपूर्ण और समतावादी समाज के निर्माण का मार्ग प्रशस्त करता है। सशक्तिकरण का यह रंग चुप रहने की परंपरा को तोड़कर बदलाव की आवाज बनने का आह्वान करता है।

होली का त्योहार हर्षोल्लास से भरा होता है। लेकिन रंगों में मौजूद केमिकल्स कई बार आंखों और त्वचा के लिए नुकसानदेह साबित होते हैं। इनसे बचाव के लिए आपको किस तरह की सावधानियां बरतनी चाहिए, बता रहे हैं डिटेल में।

# बरतें सावधानी-मनाएं सुरक्षित होली

मेडिकल एडवाइस

**डॉ. रॉबिन लोहिया**
जनरल फिजिशियन, दिल्ली



बगैर सावधानी बरते और केमिकल वाले रंगों से होली खेलने की वजह से कई लोगों को स्किन और आंखों से जुड़ी समस्याएं होने लगती हैं।

**हो सकती हैं ये स्किन प्रॉब्लम्स:** आमतौर पर बाजार में बिकने वाले होली के रंगों में लेड, मरकरी, क्रोमियम, कॉपर सल्फेट और इंडस्ट्रियल डाइज होते हैं, जो एलर्जी और इंफेक्शन का कारण बन जाते हैं। रंगों में मौजूद केमिकल्स त्वचा की प्राकृतिक नमी सोख लेते हैं, इससे रूखापन, जलन और खुजली जैसी समस्याएं परेशान करने लगती हैं। इनकी वजह से लाल चकत्ते, सूजन और फफोले जैसी समस्याएं भी परेशान कर सकती हैं। इससे एक्जिमा, सोरायसिस या एटोपिक डर्मेटाइसिस जैसी समस्याएं परेशान करने लगती हैं। कुछ रंगों में ऐसे जहरीले तत्व पाए जाते हैं, जिनसे बैक्टीरियल इंफेक्शन का भी खतरा हो सकता है। इनकी वजह से नाखून टूटने और बाल झड़ने की भी समस्या हो सकती है। बच्चों और बुजुर्गों को रंगों से ज्यादा नुकसान पहुंचता है, क्योंकि उनकी त्वचा संवेदनशील और पतली होती है।



**बचाव के उपाय:** होली के दौरान त्वचा को सुरक्षित रखने के लिए हल्दी, चुकंदर, अनार, हरसिंगार और पलाश के फूलों से बना प्राकृतिक रंग ही इस्तेमाल करें। बेहतर यही होगा कि इन प्राकृतिक तत्वों को उबाल कर घर पर खुद ही रंग तैयार करें। समय की कमी के कारण अगर ऐसा संभव न हो तो बाजार से रेडिमेड कलर खरीदते समय हर्बल और नेचुरल का लेबल जरूर चेक करें। होली खेलने से पहले पूरे शरीर पर नारियल तेल और पेट्रोलियम जैली लगाएं। रंगों के असर से बचाव के लिए बालों में भी तेल लगाएं। ये चीजें त्वचा पर सुरक्षा कवच की तरह काम करती हैं, जिससे रंग त्वचा के भीतर गहराई तक घुस नहीं पाते। चेहरे के अलावा गर्दन और हाथ-पैरों का विशेष ध्यान रखें। होंठों और आंखों के आस-पास जैली लगाना न भूलें। होली खेलने के लिए घर से बाहर निकलते समय शरीर के खुले हिस्सों पर 50 प्रतिशत एसपीएफ पॉवर का सनस्क्रीन जरूर लगाएं, क्योंकि दिन के वक्त रंगों से होली खेलने पर त्वचा में जलन हो सकती है। रंगों से बचाव के लिए हमेशा फुल स्लीव्स की ड्रेस पहनें। नहाने के बाद एलोवेरा जैल या मॉयश्चराइजर लगाएं। खुजली या रैशेज हों तो एंटी एलर्जिक क्रीम लगाएं।



**आंखों की ऐसे करें केयर:** सूखे रंगों से आंखों के कॉर्निया में खरोंच आ सकती है। रंगों में मौजूद केमिकल्स से आंखों में जलन और खुजली हो सकती है। इसकी वजह से एलर्जिक कंजक्टिवाइटिस भी हो सकता है। गंभीर मामलों में केमिकल बर्न और इंफेक्शन भी हो सकता है।

**कैसे करें बचाव:** अगर कोई आपके चेहरे पर रंग लगा रहा है तो उस वक्त अपनी आंखें बंद कर लें। होली खेलने से पहले सनग्लास पहनना न भूलें। आंखों के चारों तरफ मॉयश्चराइजर या नारियल तेल लगाएं, इससे त्वचा पर रंग नहीं चिपकता है। अगर आंखों में रंग चला जाए तो तुरंत ठंडे पानी धो लें। आंखों को रगड़ें नहीं, इससे रंगों के कण बहुत गहराई से आंखों के भीतर चले जाते हैं। अगर आंखों में जलन हो रही हो तो ल्यूब्रिकेटेड आई ड्रॉप का इस्तेमाल फायदेमंद साबित होगा। अगर आपकी आंखों में कॉन्टेक्ट लेंस लगा है तो होली खेलने से पहले उसे बाहर निकाल लें। अगर इन प्रयासों के बाद भी जलन कम न हो तो आई स्पेशलिस्ट से सलाह लें। होली खेलते समय बच्चों का विशेष ख्याल रखें। अगर आप इन बातों का ध्यान रखेंगी तो आपके परिवार के लिए यह त्योहार सुरक्षित और खुशियों से भरा होगा।

**प्रस्तुति: विनीता**

# तब बनेंगी सभी महिलाएं सशक्त-खुशहाल

बदलाव की राह

**चैतन्या**

महिलाएं समाज को बहुत कुछ देती हैं। परिवार के लिए अपना जीवन अर्पित कर देती हैं। रिश्तों-नातों को सहेजते हुए खुद अपने आप की अनदेखी तक कर देती हैं। आर्थिक मोर्चे पर भी अपनों की जरूरतों के आगे मन की हर इच्छा को दोयम दर्जे पर रख देती हैं। बहुत सी स्त्रियां करियर छोड़ केवल घर-आंगन तक सिमट जाती हैं। हर भूमिका में स्त्रियां अपनों को भावनात्मक सहारा देती हैं। स्त्रियां आमतौर पर देने वाले पाले में ही रहती हैं। जरूरी है कि समाज, परिवार, रिश्तेदार, मित्र और सहकर्मी उनके लिए भी कुछ करने की सोचें। औपचारिकता भर नहीं बल्कि मन से महिलाओं के जीवन से जुड़े हर पहलू को बेहतर बनाने में हेल्पफुल बनें। याद रहे कि स्त्रियों की इस बेहतरी से समग्र समाज की बेहतरी भी जुड़ी है। इस साल इंटरनेशनल वुमेंस-डे (8 मार्च) की थीम 'गिव टू गेन' है। यह विषय महिलाओं की सहजता के लिए देने या कुछ करने के व्यापक असर पर बल देता है।



**समर्थन और सराहना:** घर हो या बाहर, स्त्रियां अकसर अकेली पड़ जाती हैं। मुश्किल घड़ी में भी पूर्वागही सोच से ही उनके व्यक्तित्व को आंका जाता है। उनके फैसलों को तयशुदा समझ से जज किया जाता है। ऐसे में स्त्रियों को कुछ देने या उनके लिए कुछ करने की सोच समर्थन या सराहना के बिना अधूरी है। ऐसे में महिला दिवस की थीम 'गिव टू गेन' सभी को अपने विचार-व्यवहार का रिव्यू करने का आह्वान करती है। वर्कप्लेस से लेकर घर के आंगन तक, स्त्रियों के प्रति उदार बनने का संदेश देती हैं। उनकी भूमिका और भागदौड़ की सराहना करने की सोच जगाने वाली है।

**संसाधन और सुरक्षा:** महिलाओं के लिए हालात कई मोर्चों पर उलझाऊ हैं। कहीं काम करने के अवसर हैं तो सुरक्षित माहौल नहीं। जहां सेफ्टी है वहां सही अवसर नहीं हैं। नई शुरुआत के लिए जगह हो या धन, अपनी मर्जी से उपयोग कर लेने के हालात आज भी आम नहीं हैं। यही वजह है कि 'गिव टू गेन' का भाव संसाधन और सुरक्षा के मामले में आवश्यक है। इसीलिए महिलाओं को सुरक्षा और संसाधन दीजिए, ताकि वे अपनी काबिलीयत को सिद्ध कर सकें। थोड़े से सहयोग और अपनी योग्यता के बूते नवाचार करने वाली महिलाएं समाज-परिवार ही नहीं राष्ट्र को भी सशक्त बनाती हैं।

**शिक्षा और समानता:** बेटियों को बेटों के समान ही पढ़ने-लिखने का हक और माहौल देना तरक्की की साझी सोच की बुनियाद है। इस वर्ष की थीम असल में 'मेरा' से 'हमारा' के विचार को अपनाने पर बल देने वाली है। यह विषय कहता है कि इक्वेलिटी का वह परिवेश बने जिसमें समय, सहानुभूति और खुद को साबित करने का मौका सभी के हिस्से आए। हमारे यहां महिलाओं के साथ आज भी कार्यस्थल पर समान व्यवहार नहीं किया जाता। घरेलू जिम्मेदारियों को अकेले ही उठाने के चलते कामकाज के सही मौके उनकी झोली में नहीं आते। ऐसे में सभी के लिए बहुत जरूरी है कि बहू-बेटियों को बराबरी के अवसर देते हुए खुलकर जीने का स्पेस दें।

बीते कुछ दशकों में स्त्रियों के जीवन में बड़े बदलाव देखने को मिल रहे हैं। संघर्ष से शुरू हुई उनकी यह यात्रा अब सृजन के नित नए आयाम गढ़ रही है।

# बदलता स्त्री-जीवन संघर्ष से सृजन की यात्रा

नया दौर

**अलका 'सोनी'**

समकालीन समय में स्त्रियों का जीवन बहुआयामी परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है। इसे हर जगह देखा और महसूस किया जा सकता है। यह सुखद परिवर्तन केवल स्त्री की बदलती बाहरी भूमिकाओं में ही नहीं, बल्कि मानसिकता, आत्मविश्वास और आत्मस्वीकृति का भी है। आज की स्त्री घर की चारदीवारी से निकलकर कार्यस्थलों, राजनीति, विज्ञान, साहित्य और कला जैसे विविध क्षेत्रों में अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज करा रही है। परंतु परिवर्तन की उनकी इस यात्रा में संघर्ष, संतुलन और आत्मसंवाद की लंबी प्रक्रिया शामिल होती है। जिसे पार करते हुए वे आज अपनी सफलता की कहानी खुद ही बयां कर रही हैं।

**सपनों की नई परिभाषा:** पहले स्त्री के सपनों को परिवार की अपेक्षाओं के अनुरूप आकार दिया जाता था। वे जिम्मेदारियों से लदी नजर आतीं थीं। उनके लिए, अपने बारे में सोचना जैसे निषिद्ध था। लेकिन आज वे अपने सपनों को स्वयं परिभाषित कर रही हैं।



शिक्षा ने इस परिवर्तन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। वे अपने जीवन की दिशा स्वयं तय करना चाहती हैं, चाहे वह करियर का चयन हो, विवाह का निर्णय हो या मातृत्व का समय।

**जिम्मेदारियों का दोहरा दायित्व:** हालांकि परिवर्तन के इस दौर में स्त्री पर जिम्मेदारियों का भार बढ़ा ही है। घर और बाहर के बीच 'वर्क-पर्सनल लाइफ बैलेंस' उनके लिए रोज का अभ्यास है। यह दोहरा दायित्व कई बार मानसिक दबाव उत्पन्न करता है, किंतु यही दबाव उसे अधिक संगठित, संवेदनशील और दृढ़ भी बनाता है।

**डिजिटली भी हैं एक्टिव:** हमेशा से चुप और सिमटी रहने वाली स्त्रियों को सोशल मीडिया और डिजिटल मंचों ने अभिव्यक्ति का नया माध्यम दिया है। अब उनकी आवाज सीमित दायरे तक नहीं रहती। उनकी गूंज हर तरफ सुनाई देती है। वे अपने अनुभव, विचार और रचनात्मकता को व्यापक रूप से समाज तक पहुंचा सकती हैं। इससे एक सामूहिक चेतना का निर्माण हो रहा है, जहां स्त्रियां एक-दूसरे के संघर्ष और उपलब्धियों से प्रेरणा लेती हैं। उनके सामने जानकारियों का एक नया संसार खुल रहा है। हालांकि अब भी यह कहना अतिशयोक्ति होगा कि सब कुछ बदल गया है। लैंगिक असमानता, कार्यस्थल पर भेदभाव, घरेलू हिंसा और रूढ़िगत सोच अब भी मौजूद हैं। लेकिन आशा की किरण यह है कि अब स्त्री इन चुनौतियों को नियति मानकर स्वीकार नहीं करती। वह समाधान खोजती है और आवाज भी बुलंद करती है।



## खबर संक्षेप

### भामाशाह नगर में होली मिलन समारोह मनाया

**हिसार।** भामाशाह नगर वेलफेयर सोसाइटी ने सोसाइटी के अध्यक्ष सत्य काम आर्य की अध्यक्षता में होली परिवार मिलन समारोह हर्ष और उल्लास के साथ मनाया। इसमें रमेश शर्मा, सुभाष मित्तल, आलोक आर्य, अनुराग मित्तल, दिपेश बंसल आदि का भरपूर सहयोग रहा। समारोह में तंबोला, संगीत, नृत्य आदि का आनंद लिया। सभी सदस्य पारस्परिक चंदन तिलक लगा कर सप्रेम से मिले। फूलों की वर्षा ने सबका मन मोह लिया। मंच संचालन रेशम खरबंदा व रम्मी गुप्ता ने किया व प्रतियोगिता संचालन उमेश गुप्ता ने किया।

### जजपा की हिसार युवा हलका इकाई की घोषणा

**हिसार।** जजपा की हिसार युवा हल्का इकाई के अध्यक्ष गौरव सैनी ने युवा जेजेपी हल्का हिसार की कार्यकारिणी घोषित की है। गौरव अग्रवाल को प्रधान महासचिव, लोकेश वर्मा व सुमित कटारिया को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, राकेश सैनी, गौतम खुराना, हितेश सोनी, सोनू सैनी, रोनित सिहाग को उपाध्यक्ष, जतिन भाटिया प्रेस प्रवक्ता, मुकुल शर्मा, विक्रम गुज्जर, रविंद्र सिंह व सत्यम सैनी को सचिव बनाया है। सुनील दुग्गल, रजनीश सैनी, रमन, विक्रम ओमवीर वर्मा, सन्नी सैनी, अतुल सैनी, रोहित पाहवा, व साहिल को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया है।

### हिसार में शिक्षा व्यवस्था वेंटिलेटर पर : एडवोकेट

**हिसार।** हिसार जिले सहित पूरे हरियाणा के सरकारी स्कूलों में शिक्षकों की भारी कमी और शिक्षा के गिरते स्तर को लेकर नलवा विधानसभा से पूर्व प्रत्याशी एडवोकेट बजरंग इंदल और सामाजिक कार्यकर्ता एडवोकेट कार्तिक संदल ने कड़ा रोष प्रकट किया है। उन्होंने शिक्षा विभाग के ताजा आंकड़ों का हवाला देते हुए राज्य सरकार को आड़े हाथों लिया और इसे प्रदेश के बच्चों के भविष्य के साथ सीधा खिलवाड़ बताया। उन्होंने कहा कि हिसार जिले में शिक्षकों के 278 पद खाली पड़े हैं जिनमें सबसे बुरा हाल टीजीटी श्रेणी का है। हिसार में शिक्षा व्यवस्था वेंटिलेटर पर है।

### राम शरण में फूलों संग होली व महाआरती 4 को

**हिसार।** श्रीराम शरणम्‌ आश्रम, अर्बन एस्टेट-2 के तत्वाधान में होली का पर्व 4 मार्च को श्रीराम शरणम्‌ मंदिर के प्रांगण में धूमधाम से मनाया जाएगा। आश्रम के सेवादार एल.डी.पोपली ने बताया कि इस दिन सायं 5:30 बजे से 7 बजे तक अमृतवाणी सत्संग एवं भजन-कीर्तन के बाद फूलों संग होली खेली जाएगी। पर्व का समापन महाआरती के साथ किया जाएगा। उन्होंने नगर वासियों से अनुरोध किया है कि समय पर पहुंचकर होली का त्यौहार मनाएं तथा महा आरती में शामिल होकर गुरुजनों का आशीर्वाद प्राप्त करें।

### गुजवि के बेलदार धर्मपाल हुए सेवानिवृत्त


**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय से बेलदार धर्मपाल सेवानिवृत हुए हैं। सोमवार को इस कर्मचारी के सम्मान में विश्वविद्यालय के कुलपति कार्यालय के कमेटी हॉल में सेवा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने की। समारोह को सत्यपाल, रघुवीर सिंह सुंडा, आर.पी. भाटिया, धर्मेन्द्र शर्मा, चरणदास अठवाल, देसराज वर्मा ने सम्बोधित किया। मंच संचालन नेकी राम बिश्नोई ने किया। सेवानिवृत कर्मचारी को स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया।

### मिलेनियम स्कूल के उत्सव में बच्चों ने बांधा समां

**हिसार।** मिलेनियम पब्लिक स्कूल में वार्षिकोत्सव का भव्य आयोजन दो भागों 'गुलदस्ता' और 'विरासत' में संपन्न हुआ। कार्यक्रम ने सांस्कृतिक विविधता, पारिवारिक मूल्यों और राष्ट्र गौरव की भावना को एक ही मंच पर साकार कर दिया। कार्यक्रम के प्रथम चरण 'गुलदस्ता' में जूनियर वर्ग के नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों ने अपनी प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। बच्चों ने हरियाणवी, पंजाबी और राजस्थानी लोकनृत्यों की मनमोहक झलक प्रस्तुत की। लोकगीतों की मधुर धुन ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

## एनजीटी की फटकार के बाद भी नहीं सुधरे हालात, दुकानदारों में रोष

# हांसी शहर में खुलेआम जल रहा कचरा जगह-जगह लगे गंदगी के ढेर, लोग परेशान





हांसी। एनजीटी की फटकार के बाद नप द्वारा शहर में लगाया गया चेतावनी बोर्ड। शहर में सरेआम जलते कूड़े के ढेर।

हरिभूमि न्यूज ⏭ हांसी

सफाई टैंडर लेट होने व डोर टू डोर कचरा कलेक्शन व्यवस्था नहीं होने के चलते शहर में कचरा प्रबंधन व सफाई व्यवस्था की स्थिति लगातार बिगड़ रही है। पूरे शहर में सड़कों पर कूड़े के ढेर लगे हैं और उनमें आग लगाने से जहरीला धुआं हवा में फैल रहा है। यह हालत तब बनी हुई है, जब राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) ने नगर परिषद हांसी को फटकार लगाते हुए करीब 67 लाख रुपये का जुर्माना लगाया था, हालांकि एनजीटी की फटकार व जुर्माना लगाने के बाद लोगों को जागरूक करने के लिए नगर परिषद ने शहर के मुख्य मार्गों सहित विभिन्न स्थानों पर चेतावनी बोर्ड लगाए थे। लेकिन नप द्वारा लगाए चेतावनी बोर्डों का जमीनी स्तर पर कोई खास सुधार नजर नहीं आता है।

### जहरीला धुंआ बना खतरा

शहर के कई इलाकों में खुले में पड़े कचरे के ढेरों को आग के हवाले कर दिया जाता है और इससे उठने वाला धुआं लोगों के लिए गंभीर परेशानी का कारण बन रहा है। और यह सांस संबंधी बीमारियों का खतरा बढ़ता रहा है और पर्यावरण प्रदुषण को लेकर एनजीटी की फटकार के बाद नगर परिषद ने शहर के मुख्य मार्गों और विभिन्न स्थानों पर चेतावनी बोर्ड लगाए थे। हालांकि, बोर्ड लगाने का जमीनी स्तर पर कोई खास सुधार नहीं हुआ है। जिस नगर परिषद के पास सारे शहर की सफाई करवाने का जिम्मा है उसी के कार्यालय के आसपास भी कचरे के ढेर देखे जा सकते हैं, जो मौजूदा सफाई व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करते हैं।

### डोर टू डोर कचरा कलेक्शन के दावे फेल

शहर की सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने तथा शहर में डोर टू डोर कचरा कलेक्शन को लेकर उच्च अधिकारियों द्वारा किए गए दावे फेल हो गए। जिला उपायुक्त व एसडीएम द्वारा जनवरी माह में प्रेस नोट जारी कर फरवरी माह के प्रथम सप्ताह में डोर टू डोर कचरा कलेक्शन के टिपर व्यवस्था होने के दावे किए थे लेकिन पूरा फरवरी माह बीत जाने के बाद भी डोर टू डोर कचरा कलेक्शन के लिए टिपर शुरू नहीं चल पाए और शहर में डोर टू डोर कचरा कलेक्शन की व्यवस्था नहीं होने से लोगों को मजबूरन घर से निकलने वाले कूड़े व कचरे को सड़कों पर डालना पड़ता है।

### दुकानदारों ने परिषद की कार्यशैली पर सवाल उठाए

सिसाय पुल मार्केट क्षेत्र के दुकानदारों ने नगर परिषद की कार्यशैली पर नाराजगी जताते हुए एक होर्डिंग लगाया। इस पर लिखा है, हम कचरा जलाएंगे नहीं, पर क्या आप रोज कचरा उठाएंगे? यह मैसेज प्रशासन को नागरिकों की सफाई व्यवस्था से जुड़ी शिकायतों को आईना दिखा रहा है। लेकिन इसके बावजूद भी शहर की सफाई व्यवस्था बद से बद्तर होती जा रही है।



हिसार। विज्ञान प्रदर्शनी में उपस्थित अतिथिगण एवं प्रतिभागी।

# गणित छात्रों तार्किक क्षमता का विकास करता है: शर्मा

## प्रदर्शनी में गणित के मॉडल प्रदर्शित किए

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के गणित विभाग के सौजन्य से चौधरी रणबीर सिंह सभागार में 'विज्ञान प्रदर्शनी' का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी में गणित के विभिन्न आयामों पर आधारित मॉडल एवं पोस्टर प्रदर्शित किए। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष प्रो. मुकेश कुमार शर्मा एवं डॉ. संदीप सिंह श्योराण ने सभी प्रस्तुतियों का अवलोकन किया तथा विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। प्रो. मुकेश कुमार शर्मा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रकार के शैक्षणिक कार्यक्रम विद्यार्थियों में न केवल विषय के प्रति रुचि और जिज्ञासा को प्रोत्साहित करते हैं, बल्कि उनमें शोधात्मक सोच, नवाचार की भावना एवं तार्किक क्षमता का भी विकास करते हैं। गणित विभाग की शोधार्थी छात्रा सोनू ने 'एप्लीकेशन ऑफ प्लेन वेव्स इन बायोलॉजिकल टिश्यूज फॉर मेडिकल डायग्नोस्टिक्स' पर अपना पोस्टर प्रस्तुत किया। शोधार्थी छात्रा ज्योति ने 'एप्लीकेशन ऑफ फ्यूजी सेट थ्योरी इन रियल लाइफ' पर पोस्टर प्रदर्शित किया। एमएससी प्रथम वर्ष के छात्र अमित एवं छात्रा कुमारी अनु ने 'यूज ऑफ मैथेमेटिक्स इन डेली लाइफ' पर मॉडल प्रस्तुत किया।

### गुजवि के गणित विभाग ने 'विज्ञान प्रदर्शनी' आयोजित की

इंटीग्रेटेड बीएससी-एमएससी दशम सेमेस्टर की छात्राओं विनती एवं अंजलि ने 'अंडरस्टेंडिंग एपिडेमिक स्प्रेड थ्रू एसआईआर मैथेमेटिकल मॉडल' विषय पर अपना मॉडल प्रस्तुत किया। इंटीग्रेटेड बीएससी-एमएससी अष्टम सेमेस्टर की छात्राओं किरण एवं इशिका ने विभिन्न गणितीय अवधारणाओं पर आधारित एक रोचक फन गेम का प्रदर्शन किया। इंटीग्रेटेड बीएससी-एमएससी षष्टम सेमेस्टर की छात्रा कोमल ने 'मैथेमेटिक्स इन नेचर' विषय पर पोस्टर प्रदर्शित किया। चतुर्थ सेमेस्टर की छात्राओं तमन्ना, मनीषा एवं राखी ने 'ट्रिगोनोमेट्री पार्क' विषय पर मॉडल प्रस्तुत किया। द्वितीय सेमेस्टर की काजल ने 'मैथेमेटिक्स इन डेली लाइफ' विषय पर मॉडल प्रदर्शित किया।

# होली चाइल्ड में गणित प्रदर्शनी संपन्न

## अमेरिका से आई बैच 2000 की मोनिका ने निर्णायक भूमिका निभाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार



हिसार। प्रदर्शनी का अवलोकन करते प्रबंध निदेशक आर सिंधु व अन्य।

होली चाइल्ड सीनियर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित गणित प्रदर्शनी उत्साह के साथ संपन्न हुई। इस अवसर पर विद्यालय के पूर्व विद्यार्थियों ने जज के रूप में सहभागिता कर कार्यक्रम की गरिमा को और भी बढ़ा दिया। गणित प्रदर्शनी में बैच 1996 के दसवीं उत्तीर्ण छात्र नवीन कुमार ने निर्णायक की भूमिका निभाई। वर्तमान में वे इंटोरीस लिमिटेड में सीनियर प्रोजेक्ट मैनेजर के पद पर कार्यरत हैं। उन्होंने विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत विभिन्न गणितीय मॉडल, चार्ट एवं नवाचारों का सूक्ष्म मूल्यांकन किया। इसी प्रकार अमेरिका से आई हुई बैच 2000 की दसवीं उत्तीर्ण छात्रा मोनिका ने भी निर्णायक के रूप में अपनी सेवाएं प्रदान कीं। वे वर्तमान में वेल्स फर्गो में पर्सनल बैंकर (मैनेजर) के पद पर सिएटल, अमेरिका में कार्यरत हैं। विद्यार्थियों ने शेप्स सिटी, मैथ सिटी, मैथ रोबोट्स, एटीएम मॉडल, गणितीय खेल, फ्रैक्शन एवं बार ग्राफ पर प्रोजेक्ट प्रस्तुत किए। प्रबंध निदेशक आर. एस. सिंधु ने कहा कि विद्यालय का उद्देश्य पाठ्यक्रम शिक्षा देना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों में विश्लेषणात्मक सोच विकसित करना है।

### खेदड यूनिट ने जुलुस निकालकर किया प्रदर्शन

**बरवाला।** एचएसईबी वर्कर यूनियन मुख्य कार्यालय भिवानी की केंद्रीय परिषद के दिशा निर्देशानुसार थर्मल खेदड यूनिट द्वारा थर्मल खेदड़ के प्रांगण में शाम को ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी रद करवाने, पुरानी पेंशन लागू करवाने, रिस्क अलाउंस व कैशलेस मेडिकल सुविधा समेत अनेक मांगों को पूरा करवाए जाने को लेकर मशाल जुलूस निकालकर विरोध प्रदर्शन किया गया। सर्कल सचिव दलजीत पंघाल ने चेताते हुए कहा कि जब तक प्रदेश सरकार हमारी मांगे नहीं मानेगी तब तक आंदोलन इसी प्रकार से जारी रहेगा। इस अवसर पर वरिष्ठ उपप्रधान शिव कुमार, सत्यवान खटकड, रवि प्रकाश, दीपक सहरावत, ऑर्गेनाइजर सुनील चौहान, उज्जवल शर्मा, पूर्व प्रधान रामभगत बूरा, जसबीर अहलावत आदि मौजूद रहे।

# बजट में हर वर्ग का रखा ध्यान: गुप्ता

## भाजपा नेताओं ने पार्टी कार्यालय पर सुना आम बजट

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार



हिसार। बजट सुनते पूर्व मंत्री डॉ. कमल गुप्ता, जिलाध्यक्ष अशोक सैनी व अन्य।

भाजपा के जिला कार्यालय में सोमवार को पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा हरियाणा प्रदेश का बजट 2026-27 सामूहिक रूप से पूर्व मंत्री डॉ. कमल गुप्ता के नेतृत्व में सुना गया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष डॉ. आशा खेदड़ विशेष रूप से उपस्थित रहीं। कार्यक्रम से पूर्व भारतीय संस्कृति के महापर्व होली महोत्सव के अवसर पर सभी ने एक-दूसरे को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए डॉ. कमल गुप्ता ने कहा कि हरियाणा सरकार का यह बजट सबका साथ, सबका विकास की भावना को साकार करने वाला, सभी वर्गों के लिए जनकल्याणकारी है। उन्होंने कहा कि इस बजट में शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, ऊर्जा और युवाओं के भविष्य को विशेष प्राथमिकता दी गई है।

डॉ. गुप्ता ने बताया कि हिसार में पशु चिकित्सा सेवाओं के लिए 30 करोड़ रुपये तथा खाद्य प्रयोगशाला के लिए 24 करोड़ रुपये का प्रावधान क्षेत्र के विकास को नई गति देगा। जिला अध्यक्ष डॉ. आशा खेदड नें कहा इस बजट से प्रदेश के हर वर्ग को लाभ मिलेगा।

# प्रदेश का बजट ऐतिहासिक और दूरदर्शी : अनूप धानक

## किसानों के लिए नए बिजली निगम की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ⏭ उकलाना



पूर्व मंत्री अनूप धानक ने कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा प्रस्तुत बजट 2026-27 प्रदेश के संतुलित, समावेशी और भविष्य उन्मुख विकास का स्पष्ट रोडमैप है। उन्होंने बजट को ऐतिहासिक और दूरदर्शी बताते हुए कहा कि इसमें हर वर्ग के हितों का ध्यान रखा गया है। उन्होंने विशेष प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि प्रदेश के 10 शहरों के औद्योगिक क्षेत्रों के बुनियादी ढांचे के सुधार के लिए 500 करोड़ का विशेष प्रावधान किया गया है। इससे पुराने औद्योगिक क्षेत्रों में सड़क, सीवरेज, जल नि का सी , बिजली तथा अन्य आधारभूत सुविधाओं में व्यापक सुधार होगा और उद्योगों को नई गति मिलेगी। किसानों के हित में हरियाणा एग्री डिस्कॉम के रूप में नई बिजली कंपनी/बोर्ड के गठन की घोषणा को उन्होंने ऐतिहासिक कदम बताया। उन्होंने कहा कि हांसी को आधुनिक मॉडल जिले के रूप में विकसित करने की घोषणा भी क्षेत्रीय संतुलन की दिशा में बड़ा कदम है।

# हिसार कोर्ट में जज व वकीलों ने खेली फूलों वाली भव्य होली

## जल संरक्षण और आपसी भाईचारे का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार



हिसार। मंचासीन न्यायिक अधिकारी एवं बार एसोसिएशन के पदाधिकारी।

जिला बार एसोसिएशन हिसार के बार रूम में जजों और वकीलों ने मिलकर होली मिलन समारोह का आयोजन हर्षोल्लास, सौहार्द एवं उत्साह के साथ आयोजन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बार के प्रधान एडवोकेट संदीप बूरा ने की तथा बार के सचिव समीर भाटिया ने मंच संचालन किया और सभी अतिथियों का स्वागत किया तथा होली के पावन पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम का शुभारंभ वकीलों की तरफ़ से मंचासीन सभी न्यायिक अधिकारियों पर पुष्प वर्षा एवं रंगारंग वातावरण के साथ हुआ। इस अवसर पर वकीलों एवं न्यायिक अधिकारियों ने एक-दूसरे पर फूलों की वर्षा कर होली खेली तथा आमजन को जल संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण एवं भाईचारे का संदेश दिया। समारोह में सैकड़ों की संख्या में अधिवक्ता उपस्थित रहे।

# नकली सोना देकर 12 लाख की धोखाधड़ी, दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

शहर पुलिस ने नकली सोना देकर 12 लाख की धोखाधड़ी करने के मामले में महिला सहित दो आरोपी पकड़े हैं। आरोपियों की पहचान यूपी के आगरा जिले के निवासी धर्मा सोलंगी व गंगा देवी के रूप में हुई है।

पुलिस के अनुसार इस संबंध में मंडी आदमपुर निवासी सुशील कुमार ने पिछले वर्ष 27 नवंबर को शिकायत दी थी। एक अज्ञात व्यक्ति उसकी दुकान पर आया जमीन की खुदाई के दौरान सोना मिलने की बात कहकर सस्ते दाम में बेचने का लालच दिया। आरोपी ने विश्वास के लिए एक छोटा सोने जैसा टुकड़ा दिया, जिसे जांच कराने पर असली पाया गया। इसके बाद आरोपी ने 750 ग्राम सोना 15 लाख रुपये में देने की बात कही, जो बाद में 12 लाख रुपये में तय हुआ। जो जांच में नकली पाया गया।

### धर्मा व गंगा देवी को पकड़ा

जांच अधिकारी पीएसआई जितेंदर के नेतृत्व में गठित टीम ने धोखाधड़ी के इस मामले में इन दोनों आरोपियों धर्मा सोलंकी व गंगा देवी को गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमों ने लगातार कड़ी मेहनत और मशक्कत की। इस दौरान विभिन्न राज्यों में समय-समय पर रेड की गई तथा तकनीकी एवं मानवीय सूचना के आधार पर दबिश दी गई। दोनों आरोपियों को उन्हें दो दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया।

### कर्मचारियों ने मांगों को लेकर दिया धरना-प्रदर्शन

**आदमपुर।** हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्स ने उपमंडल अभियंता कार्यालय के समक्ष लगाया गया। इसकी अध्यक्षता ब्रांच प्रधान आत्माराम यादव ने की। ब्रांच प्रधान ने कहा कि जब तक उपमंडल अभियंता कर्मचारियों की समस्याओं व मांगों का समाधान नहीं कर देते, तब तक उनका संघर्ष जारी रहेगा। उन्होंने आरोप लगाया कि उपमंडल अभियंता को कई बार मांग पत्र देने के बावजूद संगठन को गुमराह किया गया। उपमंडल अभियंता को बहुत बार लिखित ओर मौखिक रूप से अवगत कराने के बावजूद उपमंडल अभियंता के द्वारा समस्याएं हल करने की बजाय प्रताड़ित किया जाता है।

## मधुमक्खी कॉलोनी के बेहतर प्रबंधन में सहायक : कुलपति प्रो. कंबोज

# हकृवि को 'बी हाइव स्ट्रिप हैंगर कम स्पेसर' पर मिला पेटेंट

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार



हिसार। वैज्ञानिकों के साथ कुलपति प्रो. बीआर कम्बोज।

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय ने मधुमक्खी पालन के बेहतर प्रबंधन में सहायक उपकरण 'बी हाइव स्ट्रिप हैंगर कम स्पेसर' तैयार किया है। विकसित किए गए इस उपकरण को भारत सरकार के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के अन्तर्गत आने वाले पेटेंट, डिजाइन एवं ट्रेडमार्क महानियंत्रक कार्यालय द्वारा पेटेंट प्रदान किया गया है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने इस उपलब्धि के लिए हकृवि के पूर्व वैज्ञानिक प्रो. ओपी चौधरी को बधाई दी है। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. पवन कुमार, अनुसंधान निदेशक डॉ. राजबीर गर्ग, मानव संसाधन प्रबंधन निदेशक डॉ. रमेश यादव व डॉ. योगेश जिंदल उपस्थित रहे। कुलपति ने बताया कि यह मधुमक्खी पालन में एक महत्वपूर्ण उपकरण है, जो मधुमक्खी कॉलोनी के बेहतर प्रबंधन में सहायक है।

### मधुमक्खी छत्ता स्ट्रिप हैंगर कम स्पेसर की खासियत

प्रो. ओपी चौधरी जो कि हकृवि के क्षेत्रीय अनुसंधान केन्द्र, करनाल के पूर्व क्षेत्रीय निदेशक तथा केन्द्रीय मधुमक्खी अनुसंधान व प्रशिक्षण संस्थान पूना के पूर्व निदेशक रहे हैं, उन्होंने इस उपकरण की खासियत पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह फूड ग्रेड प्लास्टिक से बना है, जिसे तीन मिलीमीटर गोलाकार ठोस ट्यूब में ढाला गया है। इसमें टॉप बार को मजबूती से पकडने के लिए दो मुड़े हुए साइड स्पोर्ट होते हैं। दो टॉप स्पोर्ट मधुमक्खी फ्रेम के टॉप बार पर टिके होते हैं और बीच में 15 मिलीमीटर चौड़ाई और गहराई वाला वी-बेंड वरोआ माइट की रोकथाम में प्रयुक्त होने वाली रासायनिक स्ट्रिप (पट्टी) को दो फ्रेमों के बीच लटकाने के लिए सही हेंगिंग प्लेटफार्म प्रदान करता है। मेडिकेटेड स्ट्रिप को वी बेंड में डालने के बाद, बी हाइव स्ट्रिप हैंगर-कम-स्पेसर को दो फ्रेमों के टॉप बार पर रखा जाता है। इस प्रकार दो फ्रेम के बीच 15 मिलीमीटर की समान दूरी बनी रहती है। यह विशिष्ठ दूरी मेडिकेटेड स्ट्रिप को मोम के छत्तों के संपर्क में आए बिना दो फ्रेमों के बीच बिल्कुल सही प्रकार से लटकने देती है।

### एक्टोपैरासिटिक माइट वरोआ डिस्ट्रक्टर के लिए सस्ता उपकरण

उन्होंने बताया कि यह विश्व भर में मधुमक्खियों के सबसे खतरनाक दुश्मन-एक्टोपैरासिटिक माइट वरोआ डिस्ट्रक्टर के प्रबंधन के लिए सबसे सस्ता उपकरण है। उन्होंने बताया कि इस उपकरण से हानिकारक रासायनों से मुक्त शहद, पराग, प्रो पोलिस आदि जैसी उत्पाद मिल सकेंगे। एक कॉलोनी में मेडिकेटेड स्ट्रिप लगाने में केवल 15 सेकंड लगते हैं।

खबर संक्षेप




## समृद्ध भारत परिषद ने होली महोत्सव मनाया

**हिसार।** समृद्ध भारत परिषद द्वारा दिल्ली रोड़ स्थित शीश महल में होली महोत्सव एवं परिवार मिलन समारोह का आयोजन किया गया। संस्था के प्रधान विकास लाहौरिया ने बताया कि होली मिलन कार्यक्रम मनाने से आपस में भाईचारा बढ़ता है। समाज में एकता और सुदृढ़ होती है तथा आपस में प्रेम-प्यार की भावना बनी रहती है। सचिव डॉ. अजीत कुमार ने बताया कि समारोह में 15 विद्यार्थियों को शिक्षा प्रदान करने के लिए गोद लिया गया। इस अवसर पर तिलक महता, संजीव शर्मा, विजय अग्रवाल, दीपक अग्रवाल, राजेश गुप्ता, तरुण बंसल सहित अनेक गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।

## ओशो ध्यान उपवन में नाचते-गाते मनाई होली

**हिसार।** ओशो ध्यान उपवन में होली धूमधाम से मनाई गई। साधकों ने नाचते-गाते हुए एक-दूसरे को होली की बधाई दी और चंदन लगाकर खुशहाली की कामना की। इस दौरान साधकों ने सात्विक लंगर प्रसाद भी ग्रहण किया। दरअसल सिरसा रोड स्थित ओशो ध्यान उपवन में आयोजित होली महोत्सव में विभिन्न क्षेत्रों से साधकों ने बढ़-चढक़र हिस्सा लिया। इस अवसर पर स्वामी संजय व मां सांची ने साधकों को होली की शुभकामनाएं दी और हर दिन को होली की तरह उत्सवमय बनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि हर रोज नए फूल खिलते हैं। पक्षी चहचहाते हैं और वृक्ष झूमते हैं। देखा जाए तो प्रकृति हर रोज होली मनाती है। इसलिए इंसान को भी हर दिन और हर पल को उत्सवमय बनाना चाहिए।



## डीपीएस में तकनीकी नवाचारों का प्रदर्शन

**हिसार।** दिल्ली पब्लिक स्कूल में सीबीएसई के अभिनव प्रयास के अंतर्गत "कौशल बोध मेला" का भव्य आयोजन किया गया। मेले में विद्यार्थियों द्वारा मंडला आर्ट, लिपुन आर्ट, पेपर वर्क, स्टोन आर्ट, पिछवाई आर्ट, क्रोशिया वर्क, ज्वेलरी आर्ट, पोस्टर एवं पेंटिंग, मेहंदी और रंगोली जैसी कलात्मक प्रस्तुतियों के साथ-साथ हाइड्रोपोनिक्स, माइन रोवर, रोबोकार्स (वायर्ड एवं वायरलेस), मशीन एवं सेंसर आधारित प्रोजेक्ट्स तथा ड्रोन किट शोकेस जैसे तकनीकी नवाचारों का प्रदर्शन किया गया। इसके अतिरिक्त क्यूलिनरी आर्ट, कुक विदाउट फायर, पर्सनल केयर एवं ब्यूटी प्रोडक्ट्स निर्माण। प्रधानाचार्या मंजु सुधाकर ने अपने संदेश में कहा कि कौशल आधारित शिक्षा विद्यार्थियों को जीवन की वास्तविक चुनौतियों के लिए तैयार करती है और ऐसे आयोजन उनके सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

### जिलेभर में दिखा होली का उत्साह, जमकर उड़ा अबीर गुलाल

# आसरा सोसायटी ने भाग्यश्री महिला आश्रम में खेली फूलों की होली



हिसार। भाग्यश्री आश्रम आजाद नगर में होली का त्यौहार मनाते आसरा वेलफेयर सोसायटी केपदाधिकारी एवं सदस्य। फोटो : हरिभूमि

**बेहसारा महिलाओं के साथ गुलाल व फूलों की होली खेलकर दिया मानवता का संदेश**

हरिभूमि न्यूज >>| हिसार

सामाजिक संस्था आसरा वेलफेयर सोसायटी ने होली का पर्व भाग्यश्री महिला आश्रम आजाद नगर व कृष्ण प्रणामी बाल आश्रम कैमरी में जाकर मनाया। सोसायटी के अध्यक्ष डॉ. दीपक नागपाल की अध्यक्षता में सोसायटी के सभी पदाधिकारी एवं सदस्य पहले आजाद नगर स्थित भाग्यश्री आश्रम पहुंचे जहां पर बेसहारा महिलाओं के साथ होली का पर्व मनाया गया। इस अवसर पर सोसायटी की महिलाओं ने बेहसारा महिलाओं के साथ गुलाल व फूलों की होली खेली। महिलाओं के चेहरे पर खुशी साफ झलक रही थी।

इसके बाद आसरा की टीम कैमरी स्थित बाल आश्रम पहुंची जहां अनाथ बच्चों के साथ सोसायटी के सदस्यों ने गुलाल व फूलों के साथ होली खेली और बच्चों को खाद्य सामग्री भेंट की। बच्चे होली खेलकर काफी खुश नजर आए। इस अवसर पर नरेंद्र अनेजा, प्रो.नरेंद्र मेहता, प्रो. प्रेम तनेजा, सुरेंद्र मेहता, सतीश सरदाना, जय प्रकाश सिंगल, रमन मेहता, एडवोकेट हर्ष जैन, आलोक छाबड़ा, विजय नागपाल, गर्व भूटानी, मंजू वर्मा, सुमन, प्रवीन वर्मा, सबइंस्पेक्टर प्रदीप शर्मा व धर्मवीर आदि मौजद रहे।



आदमपुर। होलिका पूजन के लिए पहुंची महिलाएं व अन्य। फोटो : हरिभूमि

## आदमपुर में भजनों के साथ हुआ होलिका दहन

**आदमपुर।** क्लाथ मार्केट मैदान में सोमवार को होली महोत्सव कार्यक्रम में भजन संध्या का आयोजन किया गया। भजन संध्या में स्थानीय व बाहर के कलाकारों ने बाबा श्याम की महिमा का गुणगान किया। श्रीश्याम मित्र मंडल एवं श्रीखाटू श्याम सालासर बालाजी सेवा समिति द्वारा 28वें होली महोत्सव में पं.रामदत्त शर्मा द्वारा मंत्रोच्चारण के साथ होलिका की स्थापना की गई। विधि-विधान के साथ आदमपुर मार्केट कमेटी के वाइस चेयरमैन प्रतिनिधि राजेश गर्ग, जगत अग्रवाल, व्यापार मंडल के उपप्रधान संदीप गोयल, सुरेंद्र गर्ग, अमित गोयल, नरेश गोयल व विनोद वर्मा ने होलिका पूजन किया। होलिका दहन से पहले महिलाओं व युवतियों ने गोबर के उपलों व बडक़ुलियों से होलिका की पूजा कर मन्नतें मांगी। कार्यक्रम में गायकार सुशील शिला, राजेंद्र भारती, कश्मीरी लाल, चिंकू ऐलावादी ने बाबा श्याम के मधुर भजन गाए। इस मौके पर व्यापार मंडल प्रधान नवीन बैनीवाल, सचिव कमल बंसल, लीलाधर गर्ग, गौरव सिंगला, श्याम बंसल, निरजंन बंसल, संदीप जैन, दिनेश गर्ग, राजू ऐलावादी आदि मौजूद रहे।



हिसार। तिरुपति धाम में आयोजित होली महोत्सव में हिस्सा लेते श्रद्धालु।

### तिरुपति धाम में होली मोहत्सव मनाया

## इत्र वर्षा व भजन संध्या में जमकर झूमे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज >>| हिसार

प्रसिद्ध श्री तिरुपति बालाजी धाम में होली महोत्सव की धूम रही। श्रद्धालु फूलों की होली खेलते हुए भक्तिभाव से ओतप्रोत दिखाई दिए। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने बिना पानी की फूलों की होली खेली और भक्तों को इत्र की वर्षा में सराबोर होने का भी मौका मिला। इस दौरान कई प्रसिद्ध भजन गायकों व उनकी मंडली ने भजनों के माध्यम से समां बांध दिया। होली के भजन सुनकर भक्तगण भावविभोर होकर झूमने लगे। इस अवसर पर भक्तों ने श्री तिरुपति बालाजी, माता पद्मावती व माता गोदांबा सहित विभिन्न देवी-देवताओं के मंदिरों के दर्शन किए।

**होली महोत्सव में विभिन्न क्षेत्रों से काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया और गायकों ने भजनों के माध्यम से श्रद्धालुओं को अभिभूत कर दिया**

होली महोत्सव में विभिन्न क्षेत्रों से काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया और गायकों ने भजनों के माध्यम से श्रद्धालुओं को अभिभूत कर दिया। श्रद्धालुओं ने एक-दूसरे पर फूल बरसाते हुए होली की शुभकामनाएं दी। इस महोत्सव के लिए धाम में कई तरह के फूलों का विशेष प्रबंध किया गया। महोत्सव के समापन पर सभी श्रद्धालुओं ने सात्विक भोजन प्रसाद ग्रहण किया।

# बिजली निगम के जेई पर कार्रवाई की तलवार

- नगर निगम की साधारण बैठक में शहर के विकास बारे सदन में कई अहम एजेंड़े हुए

हरिभूमि न्यूज >>| हिसार



साधारण बैठक में एजेंडों पर चर्चा करते मेयर प्रवीण पोपली, अधिकारी व पार्षद।

नगर निगम के मुख्य सभागार में सोमवार को हुई आम सभा बैठक में बिजली निगम सहित कई विभागों के अधिकारी निशाने पर रहे। एक बारगी को अधिकारियों ने टाल मटोल का प्रयास किया लेकिन उनकी चल नहीं पाई। खासकर बिजली निगम के अधिकारी निशाने पर रहे वहीं एक जेई पर कार्रवाई के निर्देश भी जारी हुए। नगर निगम के मुख्य सभागार में हुई बैठक की अध्यक्षता मेयर प्रवीण पोपली ने की। बैठक का संचालन निगमायुक्त नीरज ने किया जबकि अतिरिक्त निगमायुक्त वीरेन्द्र सहारण ने एजेंडे पढ़े। निगम की बैठक के दौरान पार्षदों ने एजेंड़े रखे जिनमें पुरानी लाइन बदलने, पुराने खंभों को हटाने, ट्रांसफॉर्मर लगाए जाने या रिपेयर करने, उनकी फैंसिंग करने की की प्रमुख रही। इस पर बिजली निगम के कार्यकारी अभियंता ने बताया कि एक योजना के तहत 1800 डेमैज खंभे बदलने का कार्य चल रहा है। इस दौरान लगभग 500 खंभे हटा दिए गए है और कार्य प्रगति पर है। अगले तीन महीने में कार्य पूरा कर दिया जाएगा। इस दौरान केबल व इंटरनेट की तारों को हटाने का मुद्दा भी रहा।

**अस्पताल बनाने के लिए भूमि चयनित**

सदन में सबसे पहले जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी से जुड़े एजेंडें रखे गए जिनमें ऋषि नगर में मल्टीस्टोरी यूएचसी का प्रस्ताव, वार्ड 4 में एएनएम की तैनाती, वार्ड 7 में सेक्शन पोस्ट के भेजने, लैब टैक्नीशियन व डॉक्टर की नियुक्ति बारे, न्यू मॉडल टाउन में चल रही डिस्पेंसरी के लिए फिजीबिल्टी नियमनुसार स्थानातांरित करने का एजेंड़ा, नियमानुसार दवाईयों का स्टाक रखने का मुद्दा, आयुष विभाग का मैयड में स्थित भवन में फायर सेफटी का कार्य टेंडर, वेस्ट मैनेजमेंट का कार्य, लॉन्ड्री व अन्य कार्यों का जल्द करवाया जाएगा।

# संगठित समाज ही बनाता है राष्ट्र को सशक्त

- सेक्टर 13 में हिंदू सम्मेलन का आयोजन

हरिभूमि न्यूज >> हिसार




हिसार। मंच पर उपस्थित अतिथिगण। फोटो : हरिभूमि

सेक्टर-13 स्थित विज्डम जूनियर स्कूल परिसर में भव्य हिन्दू सम्मेलन का आयोजन हुआ। इसमें सैंकड़ों गणमान्य व्यक्ति शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ सुप्रसिद्ध भजन गायिका निशा दीदी एवं उनकी मंडली ने भावपूर्ण सत्संग से किया। तत्पश्चात मंचासीन अतिथियों कार्यक्रम अध्यक्ष हरिपाल पिलानिया, मुख्य वक्ता सतीश वत्स, श्री कपिशंकर धाम से पधारे स्वामी चन्द्रदेव, अंतरराष्ट्रीय भजन एवं कथा प्रवक्ता साध्वी सुजाता तथा आचार्य सूर्यदेव वेदांशु का स्वागत, परिचय एवं सम्मान किया गया। आर्ट ऑफ लिविंग की भजन गायिका भारती मुंजाल ने अपने भजनों के माध्यम से सभी को 'फूलों की होली' में झूमने को प्रेरित किया। सम्मेलन में विशेष पहल के रूप में सेक्टर-13 के सफाई कर्मियों का सम्मान मेयर प्रवीण पोपली एवं पार्षद वार्ड-14 सुमन यादव ने किया। कार्यक्रम में पवन जिंदल, भूपिंदर, मोहित बंसल, सूवंश, दर्शन, विनिता जैन सहित अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

**दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ**

: मुख्य वक्ता जिला कार्यवाह सतीश ने अपने संबोधन में सामाजिक एकता, सेवा और संस्कारों के संरक्षण पर बल दिया। उन्होंने कहा कि संगठित समाज ही राष्ट्र को सशक्त बनाता है। साध्वी सुजाता ने अपने ओजस्वी उद्बोधन में सनातन संस्कृति की महिमा, परिवार एवं समाज में नैतिक मूल्यों की आवश्यकता तथा युवाओं को धर्म और राष्ट्र के प्रति सजग रहने का संदेश दिया।

## यदुवंशी शिक्षा निकेतन में बच्चों ने खेली गई फूलों की होली



यदुवंशी शिक्षा निकेतन में बच्चों पर फूलों की वर्षा कर होली खेलती अध्यापिकाएं

**हांसी।** यदुवंशी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के अंतर्गत संचालित यदुवंशी शिक्षा निकेतन के प्रांगण में सोमवार को फूलों की होली उत्साह, उल्लास और सांस्कृतिक गरिमा के साथ मनाई गई। विद्यालय परिसर रंग-बिरंगे पुष्पों की सुगंध से महक उठा और होली खेलते बच्चों के चेहरों पर खुशी साफ झलक रही थी। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के संस्थापक एवं चेयरमैन राव बहादुर सिंह तथा प्रधानाचार्य सुनील कुमार के मार्गदर्शन में हुई। तथा चेयरमैन, प्रिंसिपल एवं समस्त स्टाफ सदस्यों ने विद्यार्थियों को फूलों की होली खेलने के लिए प्रेरित किया। बच्चों ने एक-दूसरे पर पुष्प वर्षा कर प्रेम, सौहार्द और भाईचारे का संदेश दिया। इस अवसर पर विद्यालय प्रशासन ने बच्चों को पानी बचाओ का संदेश भी दिया।

# होली मोहत्सव में बिखेरी रंगों की छटा

- रॉयल स्कूल में होली के अवसर पर 'रंगोत्सव' कार्यक्रम की धूम

हरिभूमि न्यूज >>| हिसार



हिसार। होली के अवसर पर 'रंगोत्सव' कार्यक्रम का प्रस्तुति देते विद्यार्थी।

रॉयल इंटरनेशनल रेजिडेंशियल स्कूल खारा-खेड़ी में होली के अवसर पर 'रंगोत्सव' कार्यक्रम का रंगारंग आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में फतेहाबाद में वर्तमान जिला परिषद अध्यक्षा सुमन सुभाष खीचड़ तथा फतेहाबाद जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी अनूप सिंह उपस्थित रहे। स्कूल प्रशासन की ओर से स्कूल निदेशिका डॉ. ज्योत्स्ना, सैनिक स्कूल कमांडेंट कर्नल डॉ. डीवी नेहरा (रिटायर्ड) स्कूल प्रशासक विक्रमादित्य, प्रधानाचार्या जानूप्रिया कथूरिया, सीनियर कोऑर्डिनेटर पूनम बिश्नोई ने मुख्य अतिथियों का कार्यक्रम में पहुंचने पर हार्दिक स्वागत किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती वंदना से किया गया। मुख्य अतिथियों तथा स्कूल प्रशासन द्वारा मां सरस्वती के आगे दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत की गई। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान ब्रज की होली, रंग लेके खेलते, रंगीली होली आई रे, रंग बरसे , बलम पिचकारी, नन्द गांव में नटवर नन्द किशोर,शिव के रंग भांग के संग, होलिका दहन, नुक्कड़ नाटक आदि प्रस्तुत किए। बीकानेर से आए हुए राजस्थानी लोक कलाकारों ने पारम्परिक गीतों के साथ नृत्य प्रस्तुत कर राजस्थानी संस्कृति की झलक पेश की।



हिसार। होली के पर्व को मिलजुल कर उल्लासपूर्वक मनाते कलाकार आर्ट अकादमी के छात्र, शिक्षक एवं अभिभावक।

## कलाकार आर्ट अकादमी में होली का उत्सव हर्षोल्लास के साथ संपन्न

**हिसार।** कलाकार आर्ट अकादमी में होली का पावन पर्व उत्साह, उमंग और सकारात्मक वातावरण के साथ मनाया गया। अकादमी परिसर रंगों की छटा से सराबोर दिखाई दिया, जहां विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं शिक्षकों ने मिलकर आपसी प्रेम और भाईचारे का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों एवं युवा कलाकारों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। अकादमी परिवार ने इस अवसर को केवल रंगों का उत्सव न मानकर, सामाजिक और नैतिक मूल्यों को सुदृढ़ करने का माध्यम भी बनाया। कार्यक्रम के अंत में सभी ने यह संकल्प लिया कि वे अपने जीवन में सकारात्मकता, प्रेम और रचनात्मकता के रंग सदैव बनाए रखेंगे।

### प्राथमिकता के आधार पर समाधान के दिए निर्देश

# सेक्टर 14 में सीवरेज समस्या पर उपायुक्त दिखे सख्त

हरिभूमि न्यूज >>| हिसार



हिसार। समाधान शिविर में नागरिकों की समस्याओं की सुनवाई करते उपायुक्त।

उपायुक्त महेंद्र पाल ने सोमवार को लघु सचिवालय परिसर में समाधान शिविर के दौरान नागरिकों की समस्याओं को सुना। उन्होंने अधिकारियों को शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर बिना विलंब किए समाधान करने की निर्देश दिए ताकि जिला वासियों को समय पर सुविधाओं एवं योजना का लाभ मिल सके।

समाधान शिविर में पटेल नगर निवासी शिव कुमार द्वारा थैलेसिमियां की दवाई उपलब्ध करवाने की मांग पर उपायुक्त महेंद्र पाल ने सिविल सर्जन को इस मामले में आगामी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। गांव कैमरी निवासी एक प्रार्थी ने ड्रेन टूटने से हुए फसल नुकसान की मुआवजा राशि दिलवाने की मांग पर उपायुक्त ने संबंधित विभाग के अधिकारी को मामले पर आगामी कार्रवाई करने की हिदायत दी। सेक्टर 14 निवासी दिलबाग द्वारा सीवर के बार-बार रुकने से हो रही समस्या की शिकायत पर एचएसवीपी के ईओ को मौका मुआयना कर समस्या का समाधान करने को कहा।

**गली पर कब्जा, निगम अधिकारी करें कार्रवाई**

एक प्रार्थी प्रदीप कुमार द्वारा सड़क अतिक्रमण एवं अवैध रूप से गली पर कब्जा की शिकायत पर उपायुक्त ने नगर निगम के अधिकारियों को समस्या पर उचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए। एक अन्य प्रार्थी द्वारा विकास कार्यों की अदायगी ने करने की शिकायत पर उपायुक्त महेंद्र पाल ने संबंधित अधिकारी को प्रार्थी के समक्ष आ रही समस्या का उचित समाधान करने का कहा। शिविर में एक प्रार्थी ने नकल ब्रांच से नकल फार्म भरने उपरांत रिकार्ड उपलब्ध न करवाने की शिकायत पर उपायुक्त ने एसडीएम को मामले की जांच कर संबंधित के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर नगराधीश हरिराम, डीआईओ दीपक भारद्वाज सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# होली के गीतों पर जमकर किया नृत्य

- पिया जी कद की देखूं बाट ईब की होली फाग प घर आवेगा

**हिसार।** अबकी बार होली हरियाणवी रिवाज समिति ने एमजी हेरिटेज ढंडूर ढाणी मैं फूलों और रंगों के साथ तिलक खेली। आज के भागम भाग के माहौल में कुछ खुशी के पलों को एहसास करने के लिए होली प्रोग्राम पर थीम था हंसों और हंसाओ। कार्यक्रम में खूब मस्ती का माहौल था। ढोल नगाड़े और कई गेम खेले गए। होली मस्ती भरा त्यौहार है। हंसकर बोलकर, खेलकर, नाचकर, गाकर, एक दूसरे को रंगों में रंग कर पूरे हर्षोल्लास से मनाया गया। इस मौके पर समिति अध्यक्ष कांता हुड्डा के नेतृत्व में सदस्यों ने होली के गीत कई जा लिए होली फाग देवर गुलाल लगता क्यों न, होलिया में उड़े रे गुलाल, पिया जी कद की देखूं बाट ईब की होली फाग प घर आवेगा, बुढी ए लुगाई मस्ताई फागण मैं जैसे गीतों से कार्यक्रम को चार-चांद लगा दिए।

इस अवसर पर हरियाणवी रिवाज समिति अध्यक्ष कांता हुड्डा ने बताया कि होली और फाग से जुड़ी परंपराओं से अवगत कराते हुए हरियाणा में इनके महत्व पर विस्तार से जानकारी दी। हुड्डा ने बताया कि हरियाणा में मान्यता है कि नई नवेली दुल्हन अपनी ससुराल में पहली होली पर नहीं रुकती, वह अपने मायके में चली जाती है, क्योंकि इसमें बताया गया है ऐसा करने से सास और बहू के रिश्ते हमेशा मीठे रहते हैं। देवर भाभी का यह सबसे बड़ा त्यौहार है। जो बहुत ही मिठास भरा होता है। भाभी कोरड़ा लेकर देवर के साथ खूब खेलती है और देवर आगे आगे भागकर पानी फेंकता रहता है।

